# दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI

(राजभाषा प्रकोष्ठ RAJBHASHA CELL)

कमरा संख्या: 104, प्रथम तल,नया प्रशासनिक खंड, दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली-110007(दूरभाष:011-27666269, एक्स नं.: 1225)

Room No.: 104, 1st Floor, New Administrative Block, University of Delhi, Delhi-110007 (Phone:011-27666269, Ext. No.: 1225)


फाइल संख्या: आरबीसी/336/हिं.स.(08)/2019/ 5501-5750 दिनांक:26/08/2019

## परिपत्र CIRCULAR

### विषयः विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस तथा हिंदी पखवाड़ा - 2019 का आयोजन।

सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी सप्ताह/हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी विश्वविद्यालय में सितम्बर/अक्टूबर माह में हिंदी दिवस, 2019 तथा हिंदी पखवाड़ा-2019 तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों (संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों सहित) के लिए तीन वर्गों अर्थात् वर्ग क, ख तथा ग में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं **सम्मेलन केंद्र, वनस्पति विज्ञान विभाग के सामने, दिल्ली विश्वविद्यालय** में आयोजित की जाएंगी:

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | तिथि एवं दिन | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | हिंदी आशुभाषण | 16/09/2019 (सोमवार) | 15:30 बजे |
| 02. | हिंदी स्मृति परीक्षण | 19/09/2019 (गुरूवार) | 15:30 बजे |
| 03. | हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद | 23/09/2019 (सोमवार) | 15:30 बजे |
| 04. | हिंदी निबंध | 25/09/2019 (बुधवार) | 15:30 बजे |
| 05. | हिंदी प्रश्न मंच | 30/09/2019 (सोमवार) | 15:30 बजे |

पात्रता :

वर्ग 'क'- जिन कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी है अथवा जो उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, बिहार, झारखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली राज्य और अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र के निवासी हैं, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के लिए वर्ग क के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र होंगे ।

वर्ग 'ख'- जो गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र के निवासी हैं और जिन कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी नहीं है, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के लिए वर्ग ख के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र होंगे ।

वर्ग 'ग'- जो कर्मचारी उपर्युक्त वर्ग क तथा वर्ग ख में उल्लिखित राज्यों/संघ क्षेत्रों के निवासी नहीं है और जिन कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी नहीं है, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के लिए वर्ग ग के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

1. **हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिताः** इसमें प्रत्येक वर्ग के प्रतियोगी को बोलने के लिए अलग-अलग विषय उसी समय दिए जाएंगे। उस विषय पर तीन मिनट हिंदी में बोलना है। प्रतियोगियों द्वारा प्रस्तुती, विषय-वस्तु एवं भाषा-शैली के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के उत्तरी तथा दक्षिणी परिसर के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए इस प्रतियोगिता का केवल उत्तरी परिसर में आयोजन किया जाएगा।

2. **<u>हिंदी शब्द स्मृति परीक्षण प्रतियोगिता</u>** : इस प्रतियोगिता में स्मरण शक्ति पर आधारित लिखित परीक्षा होगी जिसमें प्रतियोगी को अंग्रेजी-हिंदी शब्दावली की एक सूची दी जाएगी। उसमें हर अंग्रेजी शब्द के तीन-तीन हिंदी पर्याय दिए होंगे। प्रतियोगी 15 मिनट तक इसे पढ़ सकेंगे । इसके बाद सूची वापस लेकर केवल अंग्रेजी शब्दों की सूची दी जाएगी। प्रतियोगियों को इसमें अपनी स्मृति से अंग्रेजी शब्दों के तीन-तीन हिंदी पर्याय 45 मिनट में लिखने होंगे। इसमें से कम से कम दो पर्याय वही होने चाहिए जो पहले दी गई सूची में लिखे थे। तीसरा पर्याय प्रतियोगी अपनी ओर भी लिख सकता है यदि वह शब्द सही पाया गया तो उसे पूरे अंक दिए जाएंगे। स्मृति के आधार पर ठीक-ठीक लिखे गए पर्यायों तथा पूर्णतः शुद्ध तीसरे पर्याय को पूरे अंक दिए जाएंगे।

आनंद कु. सैनी

......2/-

**3. हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद प्रतियोगिताः** सभी प्रतियोगियों को प्रश्नपत्र में दिए गए कुछ हिंदी वाक्यांश, एक पैराग्राफ को अंग्रेजी से हिंदी, हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करना होगा तथा दिए गए विषयों पर टिप्पण लिखना होगा। इस प्रतियोगिता के लिए **60 मिनट** का समय दिया जाएगा।

**4. हिंदी निबंध प्रतियोगिता :** प्रतियोगी को हिंदी में निम्न विषय पर 300 शब्दों में एक निबंध लिखना होगा जिसके लिए उन्हें **60 मिनट** का समय दिया जाएगा। निबंध का विषय **" प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण – विकसित एवं विकासशील देशों की भूमिका Pollution and Environment Protection – Role of developed and developing countries"**

**5. प्रश्नमंच प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता सभी कर्मचारियों अर्थात् वर्ग 'क','ख' एवं 'ग' के लिए सामूहिक रूप से आयोजित की जाएगी। प्रत्येक प्रतियोगी से एक पर्ची (प्रश्न) चुनने को कहा जाएगा। उक्त पर्ची(प्रश्न) को संचालक जोर से हिंदी में पढ़ेगा। जिसका सही उत्तर प्रतियोगी को 10 सेकंड में हिंदी में देना होगा। आवश्यकतानुसार वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्द अंग्रेजी में हो सकते हैं। प्रश्नों का चयन हिंदी के अलावा अन्य ज्ञान के क्षेत्र से भी किया जाएगा। एक प्रतियोगी को एक ही पुरस्कार दिया जाएगा।

नोट :

1. उपर्युक्त क्रमांक **1 से 4** तक की सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग प्रदान किए जाएंगे। एक प्रतियोगिता में कम से कम 5 (पांच) प्रतियोगी भाग लेने पर तीन पुरस्कार (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) तथा इससे कम होने पर एक ही पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। एक प्रतियोगिता में दस अथवा दस से अधिक प्रतियोगी होने पर अधिकतम दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। उपर्युक्त क्रमांक 1 से 4 तक की प्रतियोगिताओं के लिए कोई प्रतियोगी अधिकतम 3 (तीन) पुरस्कार पाने का पात्र होगा।
2. क्रमांक 1 से 4 तक की सभी प्रतियोगिताओं में सफल प्रतियोगियों को प्रोत्साहन हेतु प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए क्रमशः 1,500 रुपए, 1,100 रुपए, 700 रुपए एवं 400 रुपए प्रदान किए जायेंगे जो सीधे विजेताओं के वेतन खाते में अंतरण किए जाएंगे। प्रश्नमंच प्रतियोगिता के अंतर्गत अधिकतम 50 (पचास) सफल प्रतियोगियों को 200 रुपए (प्रत्येक को) भी वेतन खाते में अंतरण किए जाएंगे। सभी विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।
3. सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को यह स्पष्ट किया जाता है कि निर्णायक मंडल/उत्तर पुस्तिकाओं के जाँचकर्ता/विशेषज्ञ/कुलसचिव का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
4. प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम यथा समय सूचना पट्ट एवं दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाइट में राजभाषा प्रकोष्ठ के लिंक पर प्रकाशित कर दिए जाएंगे।
5. निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रतियोगी के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का स्थल एवं समय :

**कमरा नं. 05, प्रथम तल,सम्मेलन केंद्र (Conference Centre) ,**
**वनस्पति विज्ञान विभाग के सामने,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय,**
**समय : 15:00 बजे से**
**दिनांक : 16-09-2019 से 30-09-2019 तक**

आनंद कु. सैनी

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों (संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों सहित) से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं। जो कर्मचारी उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं वे निर्धारित संलग्न प्रपत्र को भरकर दिनांक 12/09/2019 तक निम्नलिखित अधिकारी के पास अवश्य भेज दें:

सहायक कुलसचिव(राजभाषा),
राजभाषा प्रकोष्ठ, कमरा सं. 104,
प्रथम तल, नया प्रशासनिक खंड, उत्तरी परिसर,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली - 110007

(अधिक जानकारी के लिए कृपया सहायक कुलसचिव(राजभाषा) से दूरभाष सं. 27666269 या इंटरकॉम 1225 पर संपर्क कर सकते हैं)

संलग्नक : यथोपरि,

आनंद कु. सोनी
26/08/2019
(आनंद कुमार सोनी)
सहायक कुलसचिव(राजभाषा)

प्रतिलिपि:

1. सम-कुलपति एवं अध्यक्ष, राभाकास
2. कुलसचिव
3. सभी विभाग/निदेशालय/केंद्र/कार्यालय/अनुभाग प्रमुख
4. निदेशक (कंप्यूटर केंद्र) – अनुरोध है कि कृपया संलग्न परिपत्र को राजभाषा के वेबपेज पर अपलोड करें।

**प्रपत्र PROFORMA**

# दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI

दिनांक Date : / /2019

सेवा में To,

सहायक कुलसचिव (राजभाषा),

राजभाषा अनुभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय (उचित माध्यम द्वारा Through Proper Channel)

मैं I,______________________________ निम्नलिखित प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहता/चाहती हूँ am willing to participate in the following competition(s) :

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | तिथि एवं दिन | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | हिंदी आशुभाषण | 16/09/2019 (सोमवार) | 15:30 बजे |
| 02. | हिंदी स्मृति परीक्षण | 19/09/2019 (गुरूवार) | 15:30 बजे |
| 03. | हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद | 23/09/2019 (सोमवार) | 15:30 बजे |
| 04. | हिंदी निबंध | 25/09/2019 (बुधवार) | 15:30 बजे |
| 05. | हिंदी प्रश्न मंच | 30/09/2019 (सोमवार) | 15:30 बजे |

(कृपया प्रतियोगिता के सामने दिए बॉक्स में √ चिह्न लगाएं)

हस्ताक्षर Signature : ______________________

नाम Name : ______________________

पदनाम Designation : ______________________

अनुभाग Section : ______________________

मातृभाषा Mother tongue:__________वर्ग Group:_____

फोन सं. Phone No. : ______________

यहां से फाड़े ....................tear of..................... यहां से फाड़े...............................tear of.............यहां से फाड़ें

(प्रतियोगी के लिए For Participant)

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | तिथि एवं दिन | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | हिंदी आशुभाषण | 16/09/2019 (सोमवार) | 15:30 बजे |
| 02. | हिंदी स्मृति परीक्षण | 19/09/2019 (गुरूवार) | 15:30 बजे |
| 03. | हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद | 23/09/2019 (सोमवार) | 15:30 बजे |
| 04. | हिंदी निबंध | 25/09/2019 (बुधवार) | 15:30 बजे |
| 05. | हिंदी प्रश्न मंच | 30/09/2019 (सोमवार) | 15:30 बजे |